# मध्य प्रदेश राज्य सेवा सामान्य अध्ययन (प्रारंभिक परीक्षा)

## प्रश्न पत्र 2013

**1. पर्यावरण सरक्षा अधिनियम (ई. पी. ए) को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?**

**(A) छाता विधान** (B) छड़ी मुबारक
(C) पर्यावरण विधान (D) इको-संरक्षा नियम

**व्याख्या-**पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम (ई. पी. ए.) को छाता विधान के नाम से जाना जाता है। यह अधिनियम पर्यावरण में हो रही क्षति को कम करने सुरक्षा प्रदान करने हेतु बनाया गया है।

**2. 'मधुबनी पेंटिंग किस राज्य से सम्बन्धित है ?**

(A) उत्तर प्रदेश **(B) बिहार**
(C) केरल (D) तमिलनाडु

**व्याख्या-**मधुबनी पेटिंग का सम्बन्ध बिहार राज्य से है। यह मिथिला क्षेत्र में दीवार पर प्लास्टर की हुई पेंटिंग है। यह देश ही नहीं , अपितु विदेश में भी प्रसिद्ध है।

**3. प्राकृतिक आपदा हासीकरण का अन्तर्राष्ट्रीय दशक माना जाता है ?**

(A) 1991-200 (B) 1981-1990
(C) 2001-2010 (D) 2011-2020

**व्याख्या-•** (Bonus) म. प्र. लोक सेवा आयोग ने उपर्युक्त प्रश्न को मूल्यांकन से हटाया है।

**4. 'नौका दौड़' किस पर्व से सम्बन्धित है ?**

(A) पोंगल **(B) ओणम**
(C) बिहू (D) नवरात्रि '

**व्याख्या-'** नौका दौड़ पर्व का सम्बन्ध केरल राज्य से है **'ओणम'** केरल का विशिष्ट पर्व है। यह पर्व फसल कटाई के समय मनाया जाता है साथ ही केरल में ऐसी मान्यता है कि यह पर्व राजा महाबली की वापसी की खुशी में मनाया जाता है। जबकि अन्य पर्व पोंगल तमिलनाडु का तथा बिहु असम राज्य का पर्व है।

**5. यूनाइटेड किंगडम ने केरल के साथ किस क्षेत्र में साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की है ?**

(A) बीमा क्षेत्र (B) आई. टी. सेक्टर
**(C) स्वास्थ्य क्षेत्र** (D) शिक्षा क्षेत्र

**व्याख्या-**यूनाइटेड किंगडम ने केरल राज्य के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में | साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की है। इस साझेदारी के पूर्व होने से राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार होगा।

**6. भारत में उच्चतम न्यायालय का उद्घाटन किस तिथि में हुआ था ?**

(A) 27 जनवरी, 1950
**(B) 28 जनवरी, 1950.**
(C) 29 जनवरी, 1950
(D) 30 जनवरी, 1950

**व्याख्या-**भारत में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ तब तत्कालीन कानूनों और न्यायालयों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। इसी के तहत 28 जनवरी 1950 को भारत में उच्चतम न्यायालय का उद्घाटन किया गया। इसके पहले न्यायाधीश हीरालाल जे कानिया थे।

**7. 'नेमसेक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?**

(A) किरन देसाई (B) चेतन भगत
(C) अरुन्धति रॉय **(D) जुम्पा लाहिड़ी**

**व्याख्या-**इनकी कुछ अन्य प्रसिद्ध कृतियाँ लौलैण्ड , अनकस्टम्ड अर्थ, आदि है।

**8. 'इम्यूनोलॉजी के जनक कौन हैं ?**

(A) रॉबर्ट कोच (B) लुईस पास्चर
**(C) एडवर्ड जेनर** (D) लैण्डस्टीनर

**व्याख्या-**'इम्यूनोलॉजी' के जनक एडवर्ड जेनर हैं, जिन्होंने चेचक के टीके का अविष्कार किया था।

**9. 'प्रधान मन्त्री भारत जोड़ो परियोजन ' सम्बन्धित है :**

(A) संचार से (B) सामाजिक एकीकरण से
(C) नदियों के जुड़ाव से **(D) राजमार्गों के विकास से**

**व्याख्या-**'प्रधानमन्त्री भारत जोड़ो परियोजना' का सम्बन्ध राजमार्गों के विकास से है। इस परियोजना के द्वारा राजमार्गों का सुव्यवस्थित विकास किया जायेगा।

**10. किस देश ने प्रथम 'थ्री डी' दूरदर्शन प्रसारण प्रायोगिक तौर पर प्रवृत्त किया है ?**

(A) यू. के. **(B) चीन**
(C) अमेरिका (D) दक्षिण अफ्रीका

**व्याख्या-'** श्री डी ' दूरदर्शन प्रसारण का प्रायोगिक तौर पर चीन में प्रयोग करके देखा गया है।

**11. भोपाल गैस त्रासदी कब हुई ?**

**(A) 2-3-दिसम्बर, 1984**

(B) 2-3-नवम्बर, 1984

(C) 2-3-दिसम्बर, 1985

(D) 2-3-नवम्बर, 1985

**व्याख्या-**भोपाल गैस त्रासदी 2-3 दिसम्बर 1984 को मध्य रात्रि में मिथाइल आइसो सायनेट के रिसाव से हुई थी इस त्रासदी से हजारों लोग प्रभावित हुए थे।

**12. निम्न में से कौनसा देश आसियान ' का सदस्य नहीं है ?**

(A) वियतनाम (B) थाईलैण्ड

**(C) दक्षिण कोरिया** (D) इण्डोनेशिया

**व्याख्या-'** आसियान ' यह दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संघ है | इसकी स्थापना 8 अगस्त 1967 को हुई। इसके सदस्य देशों की कुल संख्या 10 है इससे वियतनाम , थाईलैण्ड, इण्डोनेशिया, म्यांमार, सिंगापर, मलेशिया आदि सदस्य देश है किन्तु दक्षिण कोरिया इस संगठन का सदस्य नहीं है।

**13. किस अधिनियम के द्वारा ब्रिटिश सरकार ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी का चायव शक्कर के व्यापार का एकाधिकार समाप्त किया ?**

(A) रेग्यूलेटिंग एक्ट-1773

(B) पिट्स इण्डिया एक्ट-1784

(C) चार्टर एक्ट-1813

(D) चार्टर एक्ट-1833

**व्याख्या-* (Bonus) म. प्र. लोक सेवा आयोग ने उपर्युक्त प्रश्न को मूल्यांकन से हटाया है।**

14. **निम्न में से किसने 'गदर पार्टी' का गठन किया ?**

(A) वी. डी. सावरकर (B) रासबिहारी बोस

(C) मदनलाल धींगरा **(D) लाला हरदयाल**

**व्याख्या-**गदर पार्टी का गठन 1 नवम्बर 1913 ई में लाला हरदयाल के नेतृत्व में सेन फ्रांसिस्को (अमेरिका) में किया गया। सोहन सिंह भाक्खना इसके प्रथम अध्यक्ष तथा लाला हरदयाल इसके प्रथम मंत्री एवं कासीराम कोषाध्यक्ष थे।

**15. 'सत्यार्थ प्रकाश' ग्रन्थ के लेखक कौन थे ?**

**(A) स्वामी दयानन्द सरस्वती**

(B) राजा राममोहन राय

(C) अरविन्द घोष

(D) स्वामी विवेकानन्द

**व्याख्या-'** सत्यार्थ प्रकाश ' ग्रन्थ के लेखक स्वामी दयानंद सरस्वती थे। इन्होंने 1875 में ' आर्य समाज की स्थापना की तथा ' वेदों की ओर लोटो का नारा दिया। यह भारतीय समाज सुधारक के रूप में जाने जाते है

**16. पानीपत का तीसरा युद्ध कब लड़ा गया ?**

(A) 14 जनवरी, 1760

(B) 5 जनवरी, 1761

**(C) 14 जनवरी, 1761**

(D) 5 नवम्बर, 1556

**व्याख्या-**पानीपत का तीसरा युद्ध 14 जनवरी 1761 को मराठी अहमद शाह अब्दाली की सेना के बीच हुआ। इस युद्ध में मराठों की हार हुई, अहमद शाह अब्दाली विजयी रहा।

**17. 'आजाद हिन्द फौज' का प्रधान कार्यालय कहाँ स्थित था ?**

(A) टोकियो **(B) रंगून**

(C) बर्लिन (D) दिल्ली

**व्याख्या-'** आजाद हिन्द फौज ' का प्रधान कार्यालय म्यांमार की राजधानी रंगून में था। अजाद हिन्द फौज की सफलतापूर्वक स्थापना का श्रेय रासबिहारी बोस को जाता है , जिन्होंने 1942 में इसकी स्थापना की थी

**18. योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष होता है :**

(A) भारत का राष्ट्रपति **(B) भारत का प्रधानमन्त्री**

(C) भारत का वित्त मन्त्री (D) भारत का वित्त सचिव

**व्याख्या-**योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष भारत का प्रधानमंत्री होता है। 15 मार्च 1950 ई को केन्द्रीय मंत्री मण्डल के द्वारा पारित प्रस्ताव से योजना आयोग की स्थापना की गयी थी। यह संवैधानिक संस्था नहीं है

mppsctarget.com


Contact no:-0522-4334408, 6307281212 6307281212, Email id: smartwayeducation.in@gmail.com
MM-4/34,VINAY KHAND-4, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, U.P. 226010

19. **स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो में आयोजित ' विश्व धर्म सम्मेलन में अपना भाषण कब दिया था ?**

(A) 1863 (B) 1892

(C) 1881 (D) 1894

**व्याख्या-**(Bonous) इस प्रश्न पर MP Psc द्वारा Bonus दिया गया है क्योंकि विकल्प में स्थित डाटा सही नहीं है , स्वामी विवेकान्द ने शिकागो में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में अपना भाषण 1893 में / दिया था।

20. **भारत की सबसे लम्बी अन्तराष्ट्रीय सीमा किस देश के साथ है** ?

(A) नेपाल (B) पाकिस्तान

(C) चीन **(D) बांग्लादेश**

**व्याख्या-**भारत की सबसे लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश के साथ है जिसकी लम्बाई 4096.7 किमी. है। इसके बाद क्रमशः-चीन, पाकिस्तान, नेपाल, म्यामांर, भूटान, अफगानिस्तान हैं।

21. **निम्नलिखित में से कौनसा-पोताश्रय नहीं है ?**

(A) कोचिन **(B) बेंगलुरू**

(C) मैंगलोर (D) कांडला

**व्याख्या-**भारत के प्रमुख पोताश्रय कोचीन, मैंगलोर, कांडला आदि हैं जबकि बेंगलुरू पोताश्रय नहीं है। यह भारत की सिलिकॉन वैली के नाम से जाना जाने वाला शहर है।

22. **शिवालिक पहाड़ियाँ निम्न में से किसका हिस्सा हैं ?**

(A) अरावली (B) पश्चिम घाट

**(C) हिमालय** (D) सतपुड़ा

**व्याख्या-**शिवालिक पहाड़ियाँ हिमालय का हिस्सा है। यह हिमालय का नवीनतम भाग है। यहाँ पर देहरादून और हरिद्वार स्थित है जबकि अरावली की पहाड़ियाँ राजस्थान राज्य में हैं तथा पश्चिमी घाट यह ताप्ती नदी के मुहाने से प्रारम्भ होकर कुमारी अंतरीप तक लगभग 11600 किमी. में विस्तृत है एवं सतपुड़ा पर्वत मध्यप्रदेश राज्य में स्थित है।

23. **नन्दा देवी शिखर स्थित है :**

(A) हिमाचल प्रदेश में **(B) उत्तराखण्ड में**

(C) उत्तर प्रदेश में (D) सिक्किम में

**व्याख्या-**नंदा देवी शिखर उत्तराखण्ड राज्य में स्थित है। यहाँ पर कुछ अन्य पर्वतीय क्षेत्र भी हैं , जैसे-रानी खेत, अलमोड़ा, नैनीताल, मसूरी, लैंस डाउन आदि प्रसिद्ध हैं।

24. **भागीरथी नदी निकलती है :**

(A) कैलाश पर्वत से (B) मानसरोवर झील से

**(C) गोमुख से** (D) तपोवन से

**व्याख्या-**भागीरथी नदी गंगोत्री के पास गोमुख हिमानी से निकलती है। यह समुद्र तल से 3900 मी से अधिक की ऊँचाई पर है। भागीरथी तथा अलकनन्दा नदियों के सम्मिलन को गंगा नदी कहा जाता है।

25. **राष्ट्रीय एटलस और थिमेटिक मानचित्र संगठन स्थित है :**

(A) देहरादून में (B) हैदराबाद में

(C) नई दिल्ली में (D) कोलकाता में

**व्याख्या-*** (Bonus) म. प्र. लोक सेवा आयोग ने उपर्युक्त प्रश्न को। मूल्यांकन से हटाया है।

26. **निम्न में से कौन-सा भारत में निर्वनीकरण का प्रभाव नहीं है ?**

(A) पर्वतीय क्षेत्रों में जल स्त्रोतों का सूखना

(B) जैव विविधता की हानि

**(C) नगरीकरण**

(D) मृदा अपरदन

**व्याख्या-**भारत में निर्वनीकरण का प्रभाव नगरीकरण नहीं है क्योंकि भारत में नगरीकरण मात्र 27% लगभग है , जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में जल स्त्रोतों का सूखना, जैव विविधता की हानि, मृदा अपरदन आदि निर्वनीकरण के कारक है।

27. **निम्न में से कौन-सी नदी डेल्टा नहीं बनाती है ?**

(A) गंगा (B) स्वर्ण रेखा

(C) नर्मदा (D) ताप्ती

**व्याख्या-*** (Bonus) म. प्र. लोक सेवा आयोग ने उपर्युक्त प्रश्न को मूल्यांकन से हटाया है।

28. **भारत का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन-सा है ?**

(A) राष्ट्रीय राजमार्ग 1 (B) राष्ट्रीय राजमार्ग 2

(C) राष्ट्रीय राजमार्ग 8 **(D) राष्ट्रीय राजमार्ग 7**

**व्याख्या-**भारत का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग NH-7 है जिसकी लम्बाई 2369 Km है यह वाराणसी से कन्याकुमारी तक जाता है। अन्य मार्ग क्रमश : NH-1 1226 Km, NH-2 1490 Km, तथा NH-8 की लम्बाई 2058 है।

**29. रबी की फसलों को बोया जाता है-**

(A) अक्टूबर से नवम्बर तक

(B) दिसम्बर से मार्च तक

(C) मई से जुलाई तक

(D) अगस्त से सितम्बर तक

**व्याख्या-**भारत में रबी की फसलों को अक्टूबर से नवम्बर तक बोया जाता है और मार्च-अप्रैल में काट ली जाती है। इसकी मुख्य फसलें गेहूँ, जौ, चना, मटर, सरसों, आलू आदि हैं।

**30. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' शब्द किस संशोधन द्वारा लाया गया था ?**

(A) 32वाँ (B) 42वाँ

(C) 44वाँ (D) 74वाँ

**व्याख्या-**42वाँ संविधान संशोधन (1976) इसके द्वारा संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गये जिसमें प्रमुख रूप से प्रस्तावना में ' समाजवादी धर्मनिरपेक्ष एवं एकता और अखण्डता आदि शब्द जोड़े गये।

**31. 'निर्देशक तत्व' क्या है ?**

(A) वाद योग्य (B) अ-वाद योग्य

(C) कठोर. (D) लचीले

**व्याख्या-**नीति निर्देशक तत्व यह अ-वाद योग्य ( Non-justicable) है अर्थात् इसे न्यायालय द्वारा लागू नहीं किया जा सकता। इसे वैधानिक शक्ति प्राप्त नहीं है।

32. **केन्द्र में कौन-सा एक्ट द्विसदनीय विधायिका लाया ?**

(A) 1961 एक्ट (B) 1917 एक्ट

(C) 1919 एक्ट (D) 1915 एक्ट

**व्याख्या-**1919 ई का भारत शासन अधिनियम के द्वारा केन्द्र में द्विसदनात्मक विधायिका की स्थापना की गयी जिसमें प्रथम राज्य परिषद तथा दूसरी केन्द्रीय विधान सभा थी।

**33. निम्नलिखित में से कौन-सा वर्ग भारत में कम्युनिस्ट पार्टी के सामाजिक आधार में सम्मिलित नहीं है ?**

(A) कृषि और औद्योगिक क्षेत्र मजदूर (B) व्यापारी वर्ग

(C) शिक्षित वर्ग (D) युवा वर्ग

**व्याख्या-**भारत में कम्युनिस्ट पार्टी के सामाजिक आधार में व्यापारी वर्ग सम्मिलित नहीं है किन्तु कृषि और अद्योगिक क्षेत्र के मजदूर , शिक्षित वर्ग, युवा वर्ग आदि कम्युनिस्ट पार्टी के पक्षधर हैं।

**34. हेडगेवार ने किस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की ?**

(A) 1927 (B) 1929

(C) 1924 (D) 1925

**व्याख्या-**हेडगेवार ने सन् 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( RSS) की स्थापना की थी।

**35. 'मौलिक अधिकार' क्या हैं ?**

(A) वाद योग्य (B) अ-वाद योग्य

(C) लचीले (D) कठोर

**व्याख्या-**'मौलिक अधिकार 'वाद योग्य ' ( Justicable) है (यह भारतीय संविधान के भाग 3 में अनुच्छेद 12 से अनु. 35 तक है)। अर्थात् किसी भी नागरिक के मौलिक अधिकार के हनन के सम्बन्ध में न्यायालय में रिट लगाई जा सकती है।

36. **"विटीकल्चर' किसे कहते हैं ?**

(A) वनों का संरक्षण (B) अंगूर का उत्पादन

(C) कृषि का आदिम प्रकार (D) गन्ने का उत्पादन

**व्याख्या-**विटीकल्चर का सम्बन्ध अंगूर उत्पादन से है। इसके माध्यम से अंगूर की फसल को उन्नतशील तरीके किया जाता ताकि उत्पादन बढ़ाया जा सके।

**37. निम्न में से कौनसा 'नवरत्न' में शामिल है ?**

(A) कोल इण्डिया

(B) भारत हेवी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

(C) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

(D) गैस अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड

**व्याख्या-**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड नवरत्न में शामिल है , जबकि अन्य कम्पनी जिसमें कोल इण्डिया ( CIL) भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ( BHEL) गैस अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड यह महारत्न का दर्जा प्राप्त है। नवरत्न का दर्जा केन्द्रीय लोक उद्यम विभाग द्वारा दिया जाता है यह 1997 से प्रारम्भ किया गया।

38. **निम्न में से कौनसा देश भारत के सम्पूर्ण आयात का सबसे बड़ा स्रोत है ?**

(A) यू. ए. ई. (B) स्विट्जरलैण्ड

(C) हाँग काँग (D) चीन

**व्याख्या-**भारत के सम्पूर्ण आयात का सबसे बड़ा स्रोत चीन है। 2012-13 में भारत से आयात भागीदार करने वाले शीर्ष देश क्रमशः चीन (11.6%) सं. अरब अमीरात (8.0%) सऊदी अरब (6.7%)/ स्विट्जरलैंड (53%) है।

**39. निम्न में से विश्व में कौनसा देश उर्वरक उत्पादक तथा उपभोक्ता के रूप में तीसरे स्थान पर है ?**

(A) यू. एस. ए. (B) चीन

(C) भारत (D) जर्मनी

**व्याख्या-* (Bonus)** म. प्र. लोक सेवा आयोग ने उपर्युक्त प्रश्न को मूल्यांकन से हटाया है। नर्मदा एवं ताप्ती नदी डेल्टा नहीं बनाती है। अत : विकल्प ( C) एवं (D) सही है। जबकि गंगा नदी डेल्टा बनाती है एवं स्वर्णरेखा नदी गंगा नदी के डेल्टा के बीच में बहती है।

**40. नेशनल प्लानिंग कमेटी का गठन किया :**

(A) जवाहरलाल नेहरू (B) ए. दलाल

**(C) सुभाषचन्द्र बोस** (D) लालबहादुर शास्त्री '

**व्याख्या-**नेशनल प्लानिंग कमेटी का गठन सुभाषचन्द्र बोस द्वारा किया गया था।

**41. निम्नलिखित में से कौन सर्वोदय योजना की रूपरेखा तैयार करने में सम्मिलित था ?**

(A) एम. एन. रॉय **(B) जयप्रकाश नारायण**

(C) मोरारजी देसाई (D) श्रीमन नारायण अग्रवाल

**व्याख्या-'** सर्वोदय योजना की रूपरेखा तैयार करने मे जय प्रकाश नारायण सम्मिलित थे।

**42. प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ हुआ.**

**(A) 1951-52** (B) 1956-57

(C) 1961-62 (D) 1966-67

**व्याख्या-**प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ 1951-52 में हुआ। यह योजना हैरड-डोमर मॉड्ल पर आधारित थी। इसका उद्देश्य-कृषि विकास पर बल देना था , साथ ही सामुदायिक विकास कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया।

**43. निम्नलिखित में से कौन-सा संगीत वाद्य इण्डो-इस्लामिक उत्पत्ति का नहीं है ?**

(A) सितार (B) तबला

(C) सारंगी **(D) शहनाई**

**व्याख्या-**शहनाई वाद्य यन्त्र पूर्णत : भारतीय वाद्य है जबकि सितार , तबला सारंगी इनका अविष्कार आमीर खसरो ने किया है तथा यह वाद्य इण्डो इस्लामिक उत्पत्ति का है।

**44. महाकुम्भ कितने वर्षों के अन्तराल में होता है ?**

(A) 12 वर्ष (B) 10 वर्ष

(C) 9 वर्ष (D) 6 वर्ष

**व्याख्या-* (Bonus)** सामान्यतः महाकुंभ एक स्थान पर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होता है। कि महाकुंभ का आयोजन भारत के चार स्थानों हरिद्वार , उज्जैन, नासिक और इलाहाबाद में होता है। किन्त एक स्थान पर आयोजित महाकुंभ एवं दूसरे स्थान पर आयोजित महाकुंभ का अंतराल वर्ष 3 या 6 या 9 हो सकता है।। मप्र. लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न को मूल्यांकन से हटाया है।

**45. निम्नलिखित में से कौन-सा 'चारधाम' में सम्मिलित नहीं है ?**

(A) पुरी (B) द्वारिका

**(C) मानसरोवर** (D) रामेश्वरम्

**व्याख्या-**मानसरोवर ' चार धाम में शामिल नहीं है अपितु यह कैलास मानसरोवर यात्रा से सम्बन्धित स्थल है। किन्तु पुरी (ओडिशा) द्वारिका (गुजरात), रामेश्वरम् (तमिलनाडु) में है। यह हिन्दू सम्प्रदाय के पूजनीय चारधाम स्थल है।

**46. 'पंचतन्त्र' मूल रूप से लिखी गई :**

(A) कालिदास द्वारा **(B) विष्णु शर्मा द्वारा**

(C) तुलसीदास द्वारा (D) रैदास द्वारा

**'व्याख्या-'** पंचतन्त्र ' विष्णु शर्मा द्वारा लिखी गई। पंचतन्त्र के 50से अधिक भाषाओं में 200 से अधिक स्वरूप उपलब्ध है, यह भारत की सर्वाधिक बार अनुवादित पुस्तक है। प्राचीन भारतीय पुस्तक पंचतन्त्र यह मूलत : संस्कृत में रचित थी।

47. **संस्कृत साहित्य का प्रादुर्भाव किस वेद द्वारा हुआ।**

(A) यजुर्वेद (B) अथर्ववेद

(C) सामवेद **(D) ऋग्वेद**

**व्याख्या-**संस्कृत साहित्य का प्रादुर्भाव ऋग्वेद द्वारा हुआ , ऋचाओं के क्रमबद्ध ज्ञान के संग्रह को ऋग्वेद कहा जाता है यह सबसे प्राचीन वेद है। इसमें आर्य के राजनीतिक प्रणाली एवं इतिहास के बारे में जानकारी मिलती है।

**48. निम्नलिखित में से कौनसा सिन्धु घाटी की सभ्यता से सम्बन्धित स्थल नहीं है ?**

(A) कालिबंगन (B) रोपड़

**(C) पाटलिपुत्र** (D) लोथल

**व्याख्या-**सिन्धु घाटी सभ्यता से सम्बन्धित स्थल कालिबंगन (राजस्थान). रोपड़ (पंजाब) , लोथल (गुजरात) है किन्तु पाटलिपुत्र यह नंदवंश, मौर्य, कण्व आदि वंशों की राजधानी थी।

49. **खो-खो खेल में कितने खिलाड़ी एक टीम में होते हैं ?**

(A) 11 (B) 7

**(C) 12** (D) 9

**व्याख्या-**खो-खो खेल में 9 खिलाड़ी एक टीम में होते हैं : संदर्भ स्रोत: प्रतियोगिता दर्पण (खेल विशेषांक) • MPPSC (Pre) Exam. 2012 में पूछे एक प्रश्न में म. प्र. PSC बोर्ड ने यही माना था कि खो-खो खेल में एक टीम में 9 खिलाड़ी खेलते हैं , किन्तु MPPSC (Pre) Exam 2013 में पूछे गये इस प्रश्न में कि खो खो खेल में कितने खिलाड़ी एक टीम में होते हैं तो आयोग द्वारा जारी फायनल आन्सर सीट में विकल्प (C) 12 को सही माना गया है।

**50. 'बटरफ्लाई स्ट्रोक' शब्द का सम्बन्ध है :**

**(A) तैराकी से** (B) मुक्केबाजी से

(C) कुश्ती से (D) कबड्डी से

**व्याख्या-**'बटरफ्लाई स्ट्रोक' शब्द का सम्बंध तैराकी से तथा अन्य का इस प्रकार है।

मुक्केबाजी-हुक, पंच

कुश्ती-हीव, मैट

51. **किस देश ने हॉकी (पुरुष) वर्ल्ड कप खिताब को तीसरी बार जीता ?**

(A) नीदरलैण्ड (B) भारत

(C) ऑस्ट्रेलिया (D) पाकिस्तान

**व्याख्या-• (Bonus) वर्ष** 1971 से 2014 तक आयोजित हॉकी (पुरुष) वर्ल्ड का खिताब नीदरलैण्ड ने एक बार वर्ष 1998 में , भारत ने एक बार वर्ष 1975 में, आस्ट्रेलिया ने तीन बार वर्ष 1986. 2010 और जीता। 2014 में , पाकिस्तान ने चार बार वर्ष 1971 , 1978, 1982 एवं 1994 में संदर्भ स्रोत : विजार्ड समसामयिकी 2014 अत : पूछे गये प्रश्न के अनुसार उत्तर ( C) सही है किन्तु म. प्र. लोक सेवा आयोग ने इसे बोनस के बाद मूल्यांकन से हटाया है।

**52. शतरंज के एक बोर्ड में कितने वर्ग / खाने होते हैं ?**

(A) 54 **(B) 64**

(C) 56 (D) 72

**व्याख्या-**शतरंज के एक बोर्ड में 64 वर्ग / खाने होते हैं। शतरंज खेल की उत्पत्ति भारत से मानी जाती है।

**53. इनमें से कौनसा खेल ओलम्पिक में सम्मिलित नहीं है ?**

(A) स्कींग. (B) साइकलिंग

**(C) क्रिकेट** (D) तीरंदाजी

**व्याख्या-**ओलम्पिक खेल यह विश्व की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता आयोजित कराता है। इसमें क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया है , जबकि स्कींग, साइकलिंग, तीरंदाजी सम्मिलित हैं।

**54. 'एशियन गेम्स' में 400 मीटर की दौड़ में भारत की किस महिला ने पहली बार स्वर्ण पदक हासिल किया ?**

(A) एम. एल. वालसम्मा (B) पी. टी. उषा

**(C) कमलजीत सन्धू** (D) के. मल्लेश्वरी

**व्याख्या-**एशियन गेम्स में 400 मीटर दौड़ में भारत की कमलजीत संधू ने पहली बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया। साथ ही के. मल्लेश्वरी ओलम्पिक में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी है।

**55. क्रिकेट की एक गेंद का वजन होता है :**

**(A) 159.9 ग्राम से 163 ग्राम तक**

(B) 1499 ग्राम से 153 ग्राम तक

(C) 1699 ग्राम से 174 ग्राम तक

(D) 1599 ग्राम से 143 ग्राम तक

**व्याख्या-• (Bonus)** म. प्र. लोक सेवा आयोग ने उपर्युक्त प्रश्न को मूल्यांकन से हटाया है। क्रिकेट की एक गेंद का वजन 159.9 ग्राम से 163 ग्राम तक तथा बल्ले की लम्बाई 38 इंच तथा चौडाई 425 इंच अधिकतम होती है क्रिकेट पिच की लम्बाई 22 गज होती है।

**56. 'गोल्डन गर्ल' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?**

(A) सुनील गावस्कर (B) पी. टी. उषा

(C) सचिन तेंदुलकर (D) मल्लेश्वरी

**व्याख्या-**गोल्डन गर्ल पुस्तक की लेखिका पी. टी. उषा है और सुनील गावस्कर की ' सनी डेज ' पुस्तक है।

**57. मध्यप्रदेश का प्रसिद्ध वस्त्र प्रकार है :**

(A) कोटा (B) तन्तुज

(C) खद्दर (D) चन्देरी

**व्याख्या-**मध्य प्रदेश का प्रसिद्ध वस्त्र प्रकार चन्देरी है। चन्देरी यह एक शहर है जो अशोकनगर जिले में है। चन्देरी साड़ियों के लिए देश ही नहीं अपितु विदेश में भी साड़ियों हेतु प्रसिद्ध है।

**58. मध्यप्रदेश की ऊर्जा राजधानी किस जिले को कहते हैं ?**

(A) भोपाल (B) सिंगरौली

(C) जबलपुर (D) इन्दौर

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश की ऊर्जा राजधानी (बैंदन) सिंगरौली को कहा है। इससे पहले यह सीधी जिले में शामिल था किन्तु 2008 नया जिला बनने के बाद इसे ऊर्जा राजधानी के रूप में नई पहचान मिली।

**59. मध्यप्रदेश की सबसे पुरानी (सागर) यूनिवर्सिटी की स्थापना का वर्ष क्या है ?**

(A) 1944 (B) 1945

(C) 1948 (D) 1946

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश की सबसे पुरानी व एक मात्र केन्द्रीय यूनिवर्सिटी थी। सागर की स्थापना 1946 में डॉ. हरिसिंह गौर सागर के नाम से की गई।

**60. खजुराहो के मन्दिर..... जिले में स्थित हैं।**

(A) मण्डला (B) छतरपुर

(C) बालाघाट (D) रीवा

**व्याख्या-**खजुराहो के मन्दिर मध्यप्रदेश राज्य के छतरपुर जिले में स्थित हैं। यह चंदेल राजाओं द्वारा 950-1050 ई. के मध्य निर्मित मंदिर है, यह स्थल विश्व धरोहर सूची में शामिल है।

61. **उज्जैन स्थित महाकाल का मन्दिर किस नदी के किनारे स्थित है ?**

(A) ताप्ती (B) चम्बल

(C) क्षिप्रा. (D) नर्मदा

**व्याख्या-**उज्जैन स्थित महाकाल का मंदिर क्षिप्रा नदी के किनारे स्थित है। यह नदी इन्दौर के काकराबर्डी पहाड़ी से निकलकर उज्जैन, रतलाम, मन्दसौर में बहती हुई चम्बल में मिल जाती है।

62. मध्यप्रदेश का सबसे ऊंचा जल-प्रपात कौनसा है ?

(A) कपिलधारा जल-प्रपात

(B) भालकुण्ड जल-प्रपात

(C) चचाई जल-प्रपात

(D) सहस्त्रधारा जल-प्रपात

**व्याख्या-** चचाई जल प्रपात यह वीहड़ नदी पर सिरमौर तहसील में रीवा जिले से 42 किमी की दूरी पर है, इसकी ऊंचाई 130 मीटर है, यह प्रदेश का सबसे ऊंचा जल प्रपात है, तथा सहस्त्र धारा, कपिल धारा, नर्मदा नदी पर क्रमश: 8 व 15 मीटर ऊंचे है, भालकुंड बीना नदी पर है इसकी ऊंचाई 38 मीटर है

63. **भीमबेटका की गुफाएँ कहाँ स्थित है ?**

(A) भोपाल (B) पचमढ़ी

(C) सिंगरौली (D) अब्दुल्लागंज-रायसेन

**व्याख्या-**भीमबेटका की गुफाएँ अब्दुल्लागंज रायसेन जिले में है। इसकी खोज वाकणकर ने की थी। भीमबेटका विश्व का सबसे बड़ा गुफा समूह है , यूनेस्को ने इसे 2003 में विश्व धरोहर में सम्मिलित किया है।

**64. महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि कहाँ स्थित है ?**

(A) मण्डला (B) माण्डू

(C) जबलपुर (D) ग्वालियर

**व्याख्या-**महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि ग्वालियर में स्थित है। रानी का जन्म 1835 ई. में वाराणसी में हुआ तथा 18 जून 1858 को देश के लिए बलिदान हो गई।

**65. इनमें से कौन-सी मध्य प्रदेश की बोली नहीं है ?**

(A) भोजपुरी (B) ब्रजभाषा

(C) मालवी (D) निमाड़ी

**व्याख्या-**भोजपुरी बोली बिहार में बोली जाती है। यह मध्यप्रदेश की नहीं है परन्तु मालवी समस्त मालवांचल तथा निमाड़ी-निमाड़ क्षेत्र की प्रमुख बोली है।

**66. देवास प्रसिद्ध है-**

**(A) वस्त्र उद्योग के लिए**

(B) शहद उत्पादन के लिए

(C) करेन्सी नोट की छपाई के लिए

(D) सिक्के की ढलाई के लिए

**व्याख्या-**देवास में करेन्सी नोट की छपाई की जाती है। इसकी स्थापना 1975-76 ई. में गई थी।

**67. भारत की सबसे बड़ी जनजाति कौन सी है ?**

**(A) गोंड** (B) इरुला

(C) पनियन (D) राजी

**व्याख्या-**भारत की सबसे जनजाति गोंड है तथा राज्य में यह भील के बाद द्वितीय बड़ी जनजाति है।

**68. तानसेन का मूल नाम था :**

(A) मकरचन्द पाण्डेय **(B) रामतनु पाण्डेय**

(C) लाला कलावन्त (D) बाज बहादुर

व्याख्या-तानसेन का मूल नाम रामतनु पाण्डेय था। वे अकबर के नवरत्नों मे से एक थे। वे एक संगीतकार थे।

**69. मध्यप्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या है :**

**(A) 230** (B) 232

(C) 225 (D) 216

**व्याख्या-**मध्यप्रदेश के विभाजन ( 2000) के बाद प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या 230 है तथा लोक सभा सीट 29 व राज्य सभा सीट 11 है

**70. इन्दौर में आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना कब हुई ?**

(A) 15 अगस्त, 1952 **(B) 22 मई, 1955**

(C) 24 मई, 1955 (D) 16 अगस्त, 1952

**व्याख्या-**इंदौर में आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना 22 मई 1955 को हुई

**71. इनमें से कौन-सा वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा में उत्तर पत्रक को जांचने के लिए प्रयुक्त किया जाता है ?**

(A) एम आई सी आर **(B) ओ एम आर**

(C) ओ सी आर (D) एम सी आर

**व्याख्या-**OMR (Optical Mark Reader) का प्रयोग कन्युनिष्ट प्रकार की परीक्षण में उत्तर जाँचने के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

**72. डब्ल्यू. डब्ल्यू. डब्ल्यू.-वर्ल्ड वाइड वेब के आविष्कारक कौन माने जाते हैं ?**

(A) एडवर्ड कासना (B) बिल गेट्स

**(C) टिम बर्नर्स-ली** (D) विनोद धाम

**व्याख्या-**www. world wide web के आविष्कारक टिम बर्नर्स-ली माने जाते हैं तथा बिल गेट्स माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक है।

**73. एक डिजिटल घड़ी में किस प्रकार का कम्प्यूटर हो सकता है ?**

(A) मेनफ्रेम (B) सुपर कम्प्यूटर

(C) नोटबुक कम्प्यूटर **(D) इम्बेडेड कम्प्यूटर**

**व्याख्या-**एक डिजिटल घड़ी में इम्बेडेड कम्प्यूटर प्रकार कम्प्यूटर हो सकता है।

**74. इनमें से कौन-सा कम्प्यूटर हार्डवेयर नहीं है ?**

(A) माउस (B) प्रिन्टर

(C) मॉनीटर **(D) एक्सेल**

**व्याख्या-**एक्सेल यह एक Software है अन्य सभी माउस प्रिन्टर , मानीटर यह Computer के Hardware Part हैं।

**75. जंक ई-मेल को... भी कहते हैं।**

(A) स्पूफ (B) स्सूल

(C) स्निफर स्क्रिप्ट **(D) स्पैम**

**व्याख्या-**जंक ई-मेल को स्पेम भी कहते हैं।

**76. 'मेन्यू में... की सूची होती है।**

(A) डाटा (B) ऑब्जेक्ट

(C) रिपोर्ट **(D) कमाण्ड**

**व्याख्या-**'मेन्यू' में सभी option की कमाण्ड की सूची. होती है। जैसे :-File, Edit, आदि।

**77. ई-मेल पते के दो भाग कौन-कौन से होते हैं ?**

(A) प्रयोगकर्ता का नाम व घर का पता

(B) वैधानिक नाम तथा फोन नम्बर

(C) हस्ताक्षर तथा पासवर्ड

**(D) प्रयोगकर्ता का नाम व डोमेन का नाम**

**व्याख्या-**ई-मेल पते के दो भाग प्रयोगकर्ता का नाम व डोमेन का नाम होता है।

**78. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम , 1955 के अधीन सभी अपराध.......... हैं।**

(A) संज्ञेय (B) जमानतीय

(C) शमनीय (D) कारावास तथा जुर्माना दोनों से दण्डनीय

**व्याख्या-• (Bonus) म. प्र. लोक सेवा आयोग ने उपर्युक्त प्रश्न को मूल्यांकन से हटाया है।**

**79. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन अपराध अभियोजन में , न्यायालय निम्न में से क्या उपधारित कर सकता है ?**

(A) दुष्प्रेरण (B) सामान्य आशय

(C) सामान्य उद्देश्य (D) उपरोक्त सभी।

**व्याख्या-**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अधीन अपराध अभियोजन में न्यायालय दुष्प्रेरण, सामान्य आशय, सामान्य उद्देश्य को उपधारित कर सकता है।

**80. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन अपराधों का विचारण करने के लिए राज्य सरकार.... की सहमति से सत्र न्यायालय को विशेष न्यायालय विनिर्दिष्ट कर सकती है।**

(A) राज्यपाल

**(B) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश**

(C) संबंधित जिले के सत्र न्यायाधीश

(D) विधि मंत्रालय

**व्याख्या-**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अधीन अपराधों का विचारण करने के लिए राज्य सरकार उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से सत्र न्यायालय को विशेष न्यायालय विनिर्दिष्ट कर सकती है।

**81. अनुसूचित जाति और अनुचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1967 के अधीन निम्न में से क्या पूर्णतः निषिद्ध है ?**

(A) गिरफ्तारी पूर्व अमानत

**(B) गिरतानी उदात् जनानट**

(C) परियोटा का राध

(D) उपरोक्त सभी

**व्याख्या-**गिरफ्तारी पूर्व जमानत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 के अधीन पूर्णतः निषिद्ध है।

**82. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन किये गये अपरा ध का अन्वेषण ऐसे पुलिस अधिकारी द्वारा किया जायेगा जो.... रैक से कम का न हो।**

(A) ठप-निरीक्षक (B) निरीक्षक

**(C) उप-अधीक्षक** (D) अधीक्षक

**व्याख्या-**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 के अधीन किये गये अपराध का अन्वेषण उप अधीक्षक रैंक के पुलिस अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

**83. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन विशेष न्यायालय निम्न में से कौन-सी शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकता ?**

(A) व्यक्ति को हटाया जाना।

(B) सम्पत्ति का समपहरणा

(C) व्यक्ति का माप लिया जाना।

**(D) सामूहिक जुर्माना आरोपित करना।**

**व्याख्या-**सामहिक जुर्माना आरोपित करने का अधिकार राज्य सरकार को है इसलिए यह शक्ति न्यायालय प्रयोग नहीं कर सकता।

**84. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 का संबंध है।**

(A) शिक्षा से (B) स्वास्थ्य से

**(C) अस्पृश्यता उन्मूलन से** (D) खाद्य सुरक्षा से

**व्याख्या-**भारतीय संविधान में अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता का अंत से सम्बन्धित है। यह मौलिक अधिकार के अन्तर्गत आता है।

**85. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन अपराध के लिए अभियोजन में , अभियुक्त अपने बचाव में अभिवाक् नहीं ले सकता है कि-**

(A) कार्य निजी प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग में किया गया था।

(B) वह भी पीड़ित की ही जाति का है।

(C) कार्य से इतनी थोड़ी अपहानि हुई है जो शिकायत का विषय नहीं हो सकता है।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**व्याख्या-• (Bonus) म. प्र. लोक सेवा आयोग ने उपर्युक्त प्रश्न को मूल्यांकन से हटाया है।**

**86. न्यायालय उपधारित कर सकता है कि अपराध गठित करने वाला कोई कृत्य अस्पृश्यता के आधार पर किया गया था , यदि ऐसा अपराध..... के संबंध में किया गया है।**

**(A) अनुसूचित जाति के सदस्य**
(B) अनुसूचित जनजाति के सदस्य
(C) किसी भी समुदाय के सदस्य
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-**यदि अपराध गठित करने वाला कोई कृत्य ' अस्पृश्यता के आधार पर किया गया था। यदि ऐसा अपराध अनुसूचित जाति के सदस्य के सम्बन्ध में किया गया है।

**87. यू. एन. द्वारा सन.... को अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष के रूप में मनाया गया।**

**(A) 1975** (B) 1976
(C) 1977 (D) 1972

**व्याख्या-**UN. द्वारा सन् 1975 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष के रूप में मनाया गया।

**88. ' वल्ड ऑफ ऑल ह्यूमन राइट्स ' पुस्तक के लेखक हैं :**

(A) चेतन भगत (B) विष्णु सहाय
**(C) सोली जे. सोराबजी** (D) अरुण जेटली

**व्याख्या-**'वर्ल्ड ऑफ ऑल ह्युमन राइट्स पुस्तक के लेखक सोली जे. सोराबजी हैं।

**89. 'मानवाधिकार दिवस' मनाया जाता है:**

(A) 10 दिसम्बर को (B) 9 दिसम्बर को
**(C) 10 नवम्बर को** (D) 10 अक्टूबर को

**व्याख्या-**मानवधिकार दिवस प्रतिवर्ष 10 दिसम्बर को मनाया जाता है इसकी शुरुवात सन् 1950 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 10 दिसम्बर को इस रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

**90. पूर्ति कीजिए :**

**'.. बिना कर्तव्य के उसी प्रकार है जैसे मनुष्य बिना परछाई**

(A) विश्वास **(B) अधिकार**
(C) नैतिकता (D) कार्य

**व्याख्या-'** अधिकार बिना कर्तव्य के उसी प्रकार है जैसे मनुष्य बिना परछाई के।

**91. ' अपार्थिव ' है :**

(A) लिंग-भेद से सम्बन्धित व्यवस्था।
(B) आयु-वर्ग से सम्बन्धित व्यवस्था।
(C) दक्षिण अफ्रीका में प्रचलित संस्थागत प्रजातीय पृथकता की व्यवस्था।
(D) जाति पर आधारित व्यवस्था '

**व्याख्या-* (Bonus) म. प्र. लोक सेवा आयोग ने उपर्युक्त प्रश्न को मूल्यांकन से हटाया है।**

**92. 'यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ' में कुल कितने अनुच्छेद हैं ?**

(A) 29 (B) 28
**(C) 30** (D) 32

**व्याख्या-**यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स में कुल 30 अनुच्छेद है।

**93. पी. आई. एल. है :**

**(A) पब्लिक इन्टरेस्ट लिटिगेशन**
(B) पब्लिक इन्क्वायरी लिटिगेशन
(C) पब्लिक इन्वेस्टमेन्ट लिटिगेशन
(D) प्राइवेट इन्वेस्टमेन्ट लिटिगेशन

**व्याख्या-**पी. आई. एल.-पब्लिक इन्टरनेट लिटिगेशन है।

**94. आई. आई. सी. पी. आर. के अनुच्छेद... द्वारा बाल अधिकार को सुरक्षित किया गया है।**

(A) 35 **(B) 24**
(C) 21 (D) 23

**व्याख्या-**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 में बालको के नियोजन का प्रतिषेध है अर्थात् 14 वर्ष से कम आयु वाले किसी बच्चे को कारखानों या अन्य किसी जोखिम भरे काम पर नहीं लगाया जा सकता है

**95. 'रेगर मिट्टी का दूसरा नाम है :**

(A) लाल मिट्टी **(B) काली मिट्टी**
(C) ऊसर मृदा (D) मिश्रित लाल-पीली मिट्टी

**व्याख्या-'** रेगर मिट्टी को काली मिट्टी तथा कपासी मिट्टी भी कहा जाता है। यह मिट्टी भारत में गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के पश्चिमी क्षेत्र बहुतायत से पायी जाती है इसमें गेहूँ , जुवार, कपास आदि फसलों की खेती की जा सकती है।

**96. महान हिम-युग का सम्बन्ध किससे है ?**

**(A) प्लीस्टोसीन** (B) ओलिगोसीन

(C) होलोसीन (D) इओसीन

**व्याख्या-**महान हिम-युग का सम्बन्ध प्लीस्टोसीन से है।

**97. निम्न में से किस स्थान पर अलकनन्दा तथा भागीरथी का संगम होता है ?**

(A) विष्णु प्रयाग (B) कर्ण प्रयाग

(C) रुद्रप्रयाग (D) देव प्रयाग

**व्याख्या-अलकनंदा तथा भागीरथी का संगम देव प्रयाग में होता है, जहां पर इन दो नदियों के मिलन से इनके सम्मिलित रूप को गंगा नदी कहा जाता है, जो गोमुख से निकलती है।**

**98. भारत का सबसे छोटा केन्द्र शासित क्षेत्र कौन सा है ?**

(A) चण्डीगढ़ (B) अण्डमान तथा निकोबार

**(C) लक्षद्वीप** (D) दादर तथा नगर हवेली

**व्याख्या-**भारत में 7 केन्द्र शासित प्रदेश है जिसमें सबसे छोटा लक्षद्वीप है अन्य की स्थिति क्षेत्रफल के अनुसार क्रमश : दमन-दीव , चण्डीगढ़, पदचेरी दादर एवं नगर हवेली , अंडमान निकोबार , दिल्ली।

**99. 'गण्डक परियोजना ' किन दो राज्यों की संयुक्त परियोजना है ?**

**(A) बिहार व उत्तरप्रदेश** (B) उ. प्र. व म. प्र.

(C) बिहार व पश्चिम बंगाल (D) बिहार व म. प्र.

**व्याख्या-गण्डक परियोजना**-यह गण्डक नदी पर है जिसका उद्गम नेपाल से होता है तथा यह नदी पटना के समीप गंगा नदी में मिल जाती है। गण्डक परियोजना विहार तथा नेपाल के बीच है।

**100. 'मानसून' शब्द की व्युत्पत्ति हुई।**

**(A) अरबी भाषा से** (B) स्पेनिश से

(C) हिन्दी से (D) आंग्ल भाषा से

**व्याख्या-**मानसून शब्द की व्युत्पत्ति अरबी भाषा के शब्द ' मौसिम ' से हुई है, जिसका अर्थ, सामाजिक अथवा मौसमी पवन है इन पवनों की दिशा मौसम के अनुसार बदलती है। यद्यपि मानसन दक्षिण एशिया में सबसे अधिक विकसित होता है। इसके साथ ही भारत में दक्षिण पश्चिमी मानसून से बारिश होती है।

mppsctarget.com